भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 2241
सोमवार, 08 मार्च, 2021/17 फाल्गुन, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

अजमेर और पुष्कर के विकास हेतु निधियों का आवंटन

2241. श्री भागीरथ चौधरी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अजमेर और पुष्कर जो राजस्थान की आत्मा है, पर्यटन की दृष्टि से प्रसिद्ध है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2014 से उक्त पर्यटन स्थलों पर आने वाले विदेशी पर्यटकों की वर्ष-वार संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने वर्ष 2014 से इन पर्यटन स्थलों की यात्रा करने वाले पर्यटकों के संवर्धन के उद्देश्य से एक नई योजना बनाकर आवश्यक निधियां अनुमोदित की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी योजना-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या वर्तमान सरकार आगामी वित्त वर्ष 2021-22 में अजमेर और पुष्कर पर्यटन स्थलों के संपूर्ण विकास हेतु आवश्यक निधियां आवंटित करना चाहती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): गंतव्य-वार पर्यटक आगमन के आंकड़े केंद्रीय रूप से पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एकत्र नहीं किए जाते है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ): पर्यटन मंत्रालय भारत का संवर्धन एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में करता है जिसमें विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पर्यटन गंतव्यों तथा उत्पादों का संवर्धन शामिल है। मंत्रालय की वेबसाइट तथा सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से भी संवर्धन का कार्य किया जाता है। घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया, ऑनलाइन और आउटडोर मीडिया अभियानों के माध्यम से संवर्धनात्मक कार्यकलाप किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त भारत तथा विदेशों में स्थित भारत पर्यटन कार्यालय देश के विभिन्न पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों के प्रदर्शन के उद्देश्य से अनेक संवर्धनात्मक कार्यकलाप करते हैं। ऐसे संवर्धनात्मक कार्यकलाप मंत्रालय द्वारा (I) घरेलू पर्यटन के

संवर्धन के लिए आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार योजना और (II) विदेशी बाजारों में भारतीय पर्यटन के संवर्धन के लिए बाजार विकास सहायता सहित विदेशों में संवर्धन एवं प्रचार की पुनर्संरचित योजना के अंतर्गत किए जाते हैं।

(ड.): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है तथापि पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार पर्यटन से संबंधित अवसंरचना एवं सुविधाओं के विकास के लिए स्वदेश दर्शन, प्रसाद और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता नामक अपनी योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इन योजनाओं के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन तथा पहले जारी की गई निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजस्थान में प्रसाद के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। प्रसाद योजना के अंतर्गत यह परियोजना कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है। वर्तमान में अजमेर तथा पुष्कर पर्यटक स्थलों का विकास करने से सम्बन्धित में कोई नया परियोजना प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****

अनुबंध

अजमेर और पुष्कर के विकास हेतु निधियों का आवंटन के सम्बन्ध में दिनांक 08.03.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2241 के भाग (ड.) के उत्तर में **विवरण**

28 फरवरी 2021 तक की स्थिति के अनुसार प्रसाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	**राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र**	**परियोजना का नाम**	**योजना का नाम**	**परियोजना लागत**	**जारी की गई राशि**	**वर्ष**
	राजस्थान	पुष्कर/ अजमेर का एकीकृत विकास	प्रसाद	32.64	26.11	2015-16

****